**Need to set up coaching centres for NEET and JEE in Eklavya Model Residential Schools and Tribal Schools in the country-Laid**

डॉ**.** हेमंत विष्णु सवरा **(**पालघर**) :**हमारे देश में 740 एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय (ईएमआरएस) एवं राज्य सरकार द्वारा वित्तपोषित आदिवासी विद्यालय संचालित हो रहे हैं, जिनका मुख्य उद्देश्य आदिवासी समुदाय के छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर उन्हें मुख्यधारा से जोड़ना है । हालाँकि, यह देखा गया है कि इन विद्यालयों में पढ़ने वाले अधिकांश छात्र-छात्राएँ अपनी स्कूली शिक्षा पूरी करने के बाद अपने करियर को लेकर भ्रमित रहते हैं ।आज के प्रतिस्पर्धी युग में तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा का महत्व अत्यधिक बढ़ गया है । NEET (National Eligibility cum Entrance Test) और JEE (संयुक्त प्रवेश परीक्षा) जैसी परीक्षाएँ छात्रों को बेहतर शैक्षिक एवं व्यावसायिक अवसर प्रदान करती हैं, लेकिन अधिकांश आदिवासी छात्र इन परीक्षाओं के बारे में जागरूक नहीं होते या फिर आर्थिक एवं शैक्षिक संसाधनों की कमी के कारण इनकी तैयारी नहीं कर पाते । परिणामस्वरूप, वे बेहतर करियर विकल्पों से वंचित रह जाते हैं ।अतः मैं केंद्र सरकार एवं माननीय शिक्षा मंत्री से आग्रह करता हूँ कि देश भर में संचालित 740 एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय (ईएमआरएस) एवं राज्य सरकार द्वारा वित्तपोषित आदिवासी विद्यालयों में एनआईआईटी एवं जेईई की कोचिंग के लिए विशेष केंद्र स्थापित किए जाएँ, ताकि छात्रों को इन परीक्षाओं की बेहतर तैयारी मिल सके ।